रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-21112025-267881
CG-DL-E-21112025-267881

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 771] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 20, 2025/ कार्तिक 29, 1947
No. 771] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 20, 2025/ KARTIKA 29, 1947

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली 19 नवंबर, 2025

सा.का.नि.857(अ).—अंतर्देशीय जलयान (विशेष श्रेणी: आनंद यान और नहर क्रूज नौका) नियम, 2025 का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे केंद्र सरकार अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 की धारा 106(2)(यज) और धारा 98(1)(क) के साथ पठित धारा 42 की उपधारा (1) और (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव करती है, उक्त अधिनियम की धारा 106 की उपधारा (1) द्वारा यथा अपेक्षित इससे प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्वारा प्रकाशित किया जाता है; और एतद्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप नियमों पर, राजपत्र में यथाप्रकाशित इस अधिसूचना की प्रतियां जनता को उपलब्ध कराए जाने की तिथि से तीस दिन की समाप्ति के पश्चात विचार किया जाएगा;

इन मसौदा नियमों पर कोई आपत्ति या सुझाव, यदि कोई हो, निदेशक (आईडब्ल्यूटी-I) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, परिवहन भवन, 1-संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को या diriwt1-psw@gov.in और psw-usiwt2@gov.in पर ईमेल द्वारा ऊपर निर्दिष्ट अवधि के भीतर भेजे जा सकते हैं;

उक्त मसौदा नियमों के संबंध में किसी भी व्यक्ति से उक्त अवधि की समाप्ति से पहले प्राप्त आपत्तियों या सुझावों पर केंद्र सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

अंतर्देशीय जलयान (विशेष श्रेणी: आनंद यान और नहर क्रूज नौका) नियम, 2025

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ। (1) इन नियमों को अंतर्देशीय जलयान (विशेष श्रेणी: आनंद यान और नहर क्रूज नौका) नियम, 2025 कहा जाएगा है।

(2) ये नियम राजपत्र में इनके अंतिम रूप से प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएँ.-

1. इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो -

क. "अधिनियम" से अभिप्राय है अंतर्देशीय पोत अधिनियम, 2021;

ख. "आवेदक" से अभिप्राय है उन आनंद यानों या नहर क्रूज नौकाओं के स्वामी, जो इन नौकाओं के पंजीकरण या सर्वेक्षण या केंद्र सरकार द्वारा यथा निर्धारित किसी अन्य आवश्यकता के लिए आवेदन कर रहे हैं;

ग. "अनुकूल मौसम" से अभिप्राय है वह अवधि जो पवन और समुद्र की अनुकूल परिस्थितियों को दर्शाती है, जैसा भारत के नौवहन महानिदेशालय द्वारा निर्दिष्ट किया जाए या केंद्र या राज्य सरकार के समुचित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाए;

घ. "विषम मौसम" से अभिप्राय है वह अवधि जो पवन और समुद्र की प्रतिकूल परिस्थितियों को दर्शाती है, जैसा भारत के नौवहन महानिदेशालय द्वारा निर्दिष्ट किया जाए या केंद्र या राज्य सरकार के समुचित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाए;

ङ. "समुद्र तट" या "तट" या "किनारा" से अभिप्राय है जल निकाय के किनारे स्थित तटवर्ती भूमि की पट्टी या क्षेत्र से है;

च. "प्रमाणन प्राधिकरण" से अभिप्राय है राष्ट्रीय जल क्रीड़ा संस्थान (एनआईडब्ल्यूएस) या केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोई अन्य प्राधिकरण, जो अंतर्देशीय जल में आनंद नौकाओं को चलाने वाले चालक दल के सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान करने और लाइसेंस (जो योग्यता प्रमाण पत्र के समतुल्य होगा) जारी करने के लिए जिम्मेदार है;

छ. "नहर क्रूज़ नौका" अर्थात् "हाउस बोट" से अभिप्राय है कोई नौका जिसे मुख्य रूप से पर्यटन प्रयोजनों, बैठकों/सम्मेलन या निजी उपयोग जैसे वाणिज्यिक कार्यों के लिए अस्थायी आवास के रूप में उपयोग किए जाने हेतु तैयार किया गया है या उसमें बदलाव किया गया है, जिसे धीरे-धीरे चलाया जा सकता है या किसी निश्चित स्थान पर रखा जा सकता है और जिसे अक्सर आरामदायक प्रवास उपयोगी सेवाओं या ऐसे ही एक मनोरंजक कार्यों की व्यवस्था करने के लिए जमीन पर खुंट से बाँधा जाता है;

ज. "नामित प्राधिकारी" से अभिप्राय है अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (3) के तहत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकारी है;

झ. "आनंद यान" से अभिप्राय है 10 मीटर से कम लंबाई का पानी में चलने वाला कोई भी फ्लोटिंग यान या नौका जिसे मशीनीकृत साधनों से चलाया जाता है और जिसका जल क्रीडा, नदी या झील क्रूज या पाल नौकायन, नौकायन, वॉटर स्कीइंग, जेट स्कीइंग, स्पीड बोटिंग और ऐसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों के लिए प्रचालन किया जाता है।

ञ. "प्रचालन" से अभिप्राय है आनंद यान चलाने वाला कोई व्यक्ति;

ट. "रजिस्ट्रार" से अभिप्राय है अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी;

ठ. "सर्वेक्षक" से अभिप्राय है अधिनियम की धारा 10 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी।

2. इन नियमों में प्रयुक्त और परिभाषित नहीं किए गए किन्तु अधिनियम में परिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में दिए गए हैं।

3. प्रयोज्यता:

ये नियम राज्यों के अंतर्देशीय जलक्षेत्र में चलने वाले आनंद यानों और नहर क्रूज नौकाओं (जो 30 मीटर से अधिक लंबी न हो, और जिसकी 50 यात्रियों तक ले जाने की क्षमता हो) पर लागू होंगे।

4. क्षेत्र और प्रयोग।

1. निम्नलिखित नियमों की अपेक्षाएं, इन नियमों के अनुसरण में चिन्हित विशेष श्रेणी जलयानों पर लागू होंगी: -

क. अंतर्देशीय जलयान (पंजीकरण और अन्य तकनीकी मुद्दे) नियम, 2022

ख. अंतर्देशीय जलयान (सर्वेक्षण और प्रमाणन) नियम, 2022

ग. अंतर्देशीय जलयान (बीमा, सेवा प्रदाताओं और सेवा उपयोगकर्ताओं की देयता और दायित्व की सीमा) नियम, 2022

घ. अंतर्देशीय जलयान (केंद्रीय डेटाबेस और संबद्ध मामले) नियम, 2024

ङ. अंतर्देशीय जलयान (परिवर्तन और संशोधन के लिए पूर्व अनुमोदन), नियम 2025

2. निम्नलिखित वर्गों या श्रेणियों के यांत्रिक चालित अंतर्देशीय जलयानों को उनके जल क्रीड़ा गतिविधियों और मनोरंजक गतिविधियों के उपयोग या उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विशेष श्रेणी जलयानों के रूप में माना जाएगा:

क. आनंद नौकाएँ;
ख. इनबोर्ड या आउटबोर्ड मोटरों वाली या बैटरी चालित नहर क्रूज नौकाएँ जिनमें 50 यात्री तक ले जाए जा सकते हैं;

3. उपनियम (2) में विशेष श्रेणी के जलयानों के रूप में नामित जलयानों के डिजाइन और निर्माण के मानदंड और मानक इन नियमों की अनुसूची के अध्याय-1 और अध्याय-2 में निहित हैं।

4. उप-नियम (2) के अनुसरण में विशेष श्रेणी के जलयान के रूप में चिन्हित जलयान का डिजाइन, निर्माण और रखरखाव, नामित प्राधिकारी या ऐसे व्यक्ति या संगठन के सर्वेक्षण और पर्यवेक्षण के तहत किया जाएगा, जिसे अधिनियम की धारा 12 की उप-धारा (4) के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रत्यायोजित किया जाए।

परंतु यह, यदि जलयान का स्वामी स्वेच्छा से जलयान का निर्माण और अनुरक्षण किसी वर्गीकरण सोसायटी के सर्वेक्षण के अधीन कराने का निर्णय लेता है, तो ऐसी वर्गीकरण सोसायटी द्वारा किया गया सर्वेक्षण, अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (4) के अधीन राज्य सरकार द्वारा यथा प्रत्यायोजित नामित प्राधिकारी या ऐसे व्यक्ति या संगठन द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अतिरिक्त होगा।

5. प्रमाणन और सांविधिक अपेक्षाएं:

उप-नियम (1) के अनुसरण में विशेष श्रेणी जलयान के रूप में चिन्हित जलयान को निम्नलिखित अनुपालन सुनिश्चित करना होगा: -

1. सुरक्षा उपाय और लोड लाइन अपेक्षाएं

4. जलयान को संबंधित राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित उसके संचालन क्षेत्र के अनुसार सुरक्षा गियर, उपकरण और संरचनात्मक सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी।

5. जलयान की अधिकतम वहन क्षमता राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित मानदंडों द्वारा निर्धारित की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं होगा:

i. उत्प्लावन सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा लोड लाइन या लोड लाइन सीमाओं का विनिर्देशन;

ii. ऐसे जलयानों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अन्य शर्तें, अधिनियम के अंतर्गत अन्यत्र प्रदान की गई शर्तों के अतिरिक्त होंगी।

ग. जलयान की अधिकतम वहन क्षमता उपयुक्तता प्रमाणपत्र में अंकित की जाएगी।

2. अधिकारियों की नियुक्ति और उपयुक्तता प्रमाणपत्र प्रदान करना

राज्य सरकार, अधिनियम के अध्याय VII और इन नियमों के प्रावधानों के कार्यान्वयन और प्रवर्तन के लिए आवश्यक संख्या में अधिकारियों की नियुक्ति या प्राधिकृत करेगी।

क. प्राधिकृत अधिकारी को निम्नलिखित अधिकार होंगे:

i. इन जलयानों के उपयुक्तता प्रमाणन हेतु आवेदन प्राप्त करना और उन पर कार्रवाई करना;

ii. निरीक्षण और सर्वेक्षण करना;

iii. उपयुक्तता प्रमाणपत्र जारी करना, निलंबित करना या रद्द करना; और

iv. इन नियमों के अंतर्गत किए गए इनकार, निलंबन, रद्दीकरण या प्रवर्तन की अन्य कार्रवाइयों के कारणों को रिकॉर्ड करना और बनाए रखना।

ख. किसी भी यांत्रिक रूप से चालित अंतर्देशीय जलयान के स्वामी, संचालक या मास्टर द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र और तरीके से आवेदन किए जाने पर, प्राधिकृत अधिकारी, इस बात से संतुष्ट होने पर कि जलयान:

i. निर्धारित सुरक्षा, संरचनात्मक और स्थिरता मानकों को पूरा करता है;

ii. अपेक्षित सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित है;

iii. लागू होने पर उपयुक्त लोड लाइन चिह्न लगाए गए हैं; और

iv. अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 और इन नियमों के प्रावधानों का अनुपालन करता है,

संबंधित राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र और तरीके सेजलयान की वहन क्षमता को दर्शाते हुए उपयुक्तता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

ग. उपयुक्तता प्रमाणपत्र, राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित शर्तें पूरी करने के अध्यधीन जारी किया जाएगा, जिनमें निम्नलिखित शामिल हो सकती हैं, परंतु ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी -

i. वैध सर्वेक्षण और बीमा प्रमाणपत्र का होना;

ii. लागू शुल्क का भुगतान;

iii. नवीनीकरण की प्रक्रियाएँ

iv. निरीक्षण अपेक्षाएं, जिनमें वार्षिक या राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट अन्य समय कालावधि शामिल है; और

v. प्रचालन प्रतिबंध।

घ. इन नियमों के साथ एकरूपता हेतु राज्य सरकारों द्वारा संदर्भ एवं अंगीकार हेतु उपयुक्तता प्रमाणपत्र (प्रपत्र-2) और उपयुक्तता प्रमाणपत्र (प्रपत्र-3) हेतु आवेदन का एक मॉडल प्रारूप संलग्न है।

3. अंतर-राज्यीय प्रचालन और शक्तियाँ/जिम्मेदारियाँ

ङ. गृह राज्य, विशेष श्रेणी के जलयान के लिए उपयुक्तता प्रमाणपत्र जारी करने हेतु एकमात्र प्राधिकारी होगा।

च. गृह राज्य द्वारा जारी वैध उपयुक्तता प्रमाणपत्र धारक ऐसे जलयानों को अन्य राज्य से डुप्लिकेट या पृथक प्रमाणन की आवश्यकता के बिना, किसी अन्य राज्य में प्रचालन की अनुमति होगी, बशर्ते कि:

iii. गृह राज्य द्वारा जारी उपयुक्तता प्रमाणपत्र उस राज्य द्वारा स्वीकार किया गया हो जिसमें जलयान का प्रचालन किया जाना है; और

iv. प्रचालन हेतु अभिप्रेत राज्य को पूर्व सूचना दी गई हो, और उस राज्य द्वारा लगाई गई किसी भी शर्त का विधिवत अनुपालन किया गया हो।

ङ. केंद्र सरकार, गृह राज्य द्वारा जारी उपयुक्तता प्रमाणपत्रों के सत्यापन और पुष्टि के लिए अंतर-राज्यीय डेटा विनिमय तंत्र को सुगम बनाएगी, जिससे राज्यों में विशेष श्रेणी के जलयानों का निर्बाध प्रचालन संभव हो सके।

4. सर्वेक्षक द्वारा निरीक्षण

ङ. अधिनियम के तहत नियुक्त कोई सर्वेक्षक, अनुसूचित सर्वेक्षण के प्रयोजन को छोड़कर, किसी भी उचित समय पर निरीक्षण के प्रयोजनार्थ विशेष श्रेणी जलयान पर चढ़ सकता है। इस तरह के निरीक्षण में निम्नलिखित की जाँच शामिल हो सकती है, परंतु यह इन्हीं तक सीमित नहीं होगी:

i. पतवार,

ii. उपकरण,

iii. मशीनरी, और

iv. जलयान का कोई भी भाग या संपत्ति।

ख. स्वामी, प्रचालक, एजेंट, मास्टर या जलयान का प्रभारी व्यक्ति:

i. निरीक्षण या सर्वेक्षण करने के लिए सर्वेक्षक को सभी आवश्यक पहुँच और सुविधाएँ प्रदान करेगा, और

ii. जलयान, उसकी मशीनरी, उपकरण या उसके किसी भाग के संबंध में ऐसी जानकारी प्रदान करेगा, जिसकी सर्वेक्षक या कोई प्राधिकृत अधिकारी यथोचित रूप से अपेक्षा करे।

5. अनुपालन का प्रवर्तन और उपयुक्तता प्रमाणपत्र का निलंबन या रद्दीकरण

iii. इन नियमों के अनुसरण में विशेष श्रेणी जलयान रूप में चिन्हित जलयान को इन नियमों के लागू होने की तिथि से छह महीने की अवधि के भीतर उपयुक्तता प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा।

iv. यदि इन नियमों के अंतर्गत विशेष श्रेणी जलयान के रूप में चिन्हित किसी यांत्रिक चालित अंतर्देशीय जलयान में अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रावधानों का अनुपालन नहीं पाया जाता है, तो राज्य सरकार जलयान के स्वामी, प्रचालक, मास्टर या प्रभारी व्यक्ति को सुधार का नोटिस जारी कर सकती है, जिसमें गैर-अनुपालन के स्वरूप और वह समय सीमा निर्दिष्ट की जाएगी जिसके भीतर ऐसा सुधार पूरा किया जाना होगा।

v. यदि उप-धारा (1) के तहत जारी नोटिस में निर्दिष्ट समय के बाद भी गैर-अनुपालन जारी रहता है, तो राज्य सरकार संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने और लिखित में कारण दर्ज करने के बाद इन नियमों के तहत ऐसे जलयान को दिए गए उपयुक्तता प्रमाणपत्र को निलंबित या रद्द कर सकती है।

vi. वह जलयान जिसका उपयुक्तता प्रमाणपत्र उप-धारा (2) के तहत निलंबित या रद्द कर दिया गया है:

i. जब तक निलंबन वापस नहीं ले लिया जाता, तब तक उसका प्रचालन बंद रहेगा; या

ii. निरस्तीकरण की स्थिति में, इस अध्याय के प्रावधानों के अनुसार नया उपयुक्तता प्रमाणपत्र प्रदान किए जाने तक प्रचालन बंद रहेगा।

6. अपील

राज्य सरकार इन नियमों के अंतर्गत शिकायत निवारण के लिए एक अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त करेगी। कोई भी असंतुष्ट आवेदक, उपयुक्तता प्रमाणपत्र के अस्वीकार, निलंबन या निरस्तीकरण के निर्णय के विरुद्ध ऐसे आदेश की सूचना मिलने की तिथि से 30 दिनों के भीतर राज्य सरकार के नामित अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकता है।

6. आनंद यान या नहर क्रूज़ नौका के स्वामी के दायित्व

1. चालक दल का प्रशिक्षण, प्रमाणन और न्यूनतम प्रचालन अपेक्षाएं

क. इन नियमों के अध्याय 3 में यथानिर्धारित चालक दल के न्यूनतम सदस्यों द्वारा जलयान का प्रचालन किया जाएगा।

ख. स्वामी, चालक दल के केवल योग्य और सक्षम सदस्यों को नियुक्त करेगा जिनके पास प्रमाणन प्राधिकारी या नामित प्राधिकारी द्वारा जारी वैध लाइसेंस हो। स्वामी यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक चालक दल का सदस्य निम्नलिखित क्षेत्रों में उचित रूप से प्रशिक्षित और प्रमाणित हो:

i. आनंद यान या नहर क्रूज़ नौका और उसके उपकरणों का संचालन और प्रचालन, जहाँ लागू हो;

ii. आनंद यान या नहर क्रूज़ नौका का रखरखाव, जिसमें जलयान के अंदर सभी मशीनरी, उपकरण और जीवन रक्षक उपकरण शामिल हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे अच्छी प्रचालन स्थिति में रहें; और

iii. जीवन रक्षक प्रक्रियाएँ, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन प्रतिक्रिया तकनीकें।

ग. आनंद यान या नहर क्रूज़ नौका के लिए चालक दल के प्रशिक्षण और प्रमाणन की विस्तृत अपेक्षाएं इन नियमों की अनुसूची के अध्याय-3 के रूप में संलग्न हैं।

2. प्रचालन क्षेत्र

क. स्वामी, निर्दिष्ट प्राधिकारी को आनंद यान या नहर क्रूज़ नौका के पंजीकरण के समय प्रचालन के अभिप्रेत क्षेत्र का उल्लेख करेगा। जलयान का उपयोग केवल घोषित प्रचालन क्षेत्र के भीतर जल क्रीड़ा या मनोरंजक गतिविधियों के लिए किया जाएगा।

ख. आनंद नौकाएँ, तट की दृश्य सीमा के भीतर ही चलाई जाएंगी और प्रचालन के दौरान हर समय स्पष्ट रूप से दिखाई देंगी।

ग. नहर क्रूज नौकाएँ केवल निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा आवंटित क्षेत्र के भीतर ही प्रचालित होंगी।

3. प्रचालन प्रतिबंध

जब तक अन्यथा स्पष्ट रूप से अनुमति न दी जाए, आनंद यान या नहर क्रूज नौका का संचालन दिन के समय, अनुकूल मौसम और सुरक्षित परिस्थितियों तक ही सीमित रहेगा, जिसमें पवन की गति, बेमौसम वर्षा और अंतर्देशीय जल में उछाल जैसे कारकों को ध्यान में रखा जाएगा।

4. प्रचालन का समय

सुरक्षित प्रचालन स्थितियों के अनुपालन के अध्यधीन, स्वामी राज्य सरकार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिए गए उपयुक्तता प्रमाण पत्र में निर्दिष्ट प्रचालन समय का पालन करेगा।

5. अनुपालन न करने पर दंड

क. जलयान का स्वामी, इन नियमों के अतिरिक्त अधिनियम के उन सभी संगत उपबंधों और इसके तहत बनाए गए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा जो उस पर लागू हैं। अंतर्देशीय जल में प्रचालन हेतु इन जलयानों के लिए निम्नलिखित वैध दस्तावेज अनिवार्य हैं:

i. पंजीकरण प्रमाणपत्र।

ii. सर्वेक्षण प्रमाणपत्र।

iii. बीमा पॉलिसी।

iv. उपयुक्तता प्रमाणपत्र।

v. प्रदूषण रोकथाम प्रमाणपत्र।

ख. स्वामी को हर समय उपरोक्त सभी अपेक्षित दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे और अधिनियम के प्रासंगिक उपबंधों के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारियों या प्राधिकारियों के समक्ष मांगे जाने पर उन्हें प्रस्तुत करना होगा।

ग. इन नियमों के किसी भी प्रावधान का पालन न करने पर स्वामी को अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 की धारा 87 के अंतर्गत लगाए जा सकने वाले दंड, जुर्माने या अन्य कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

अनुसूची

अध्याय 1- जल क्रीड़ा गतिविधियों में प्रयुक्त आनंद नौकाओं के लिए मानदंड और मानक

1. ये मानक जल क्रीड़ा गतिविधियों में लगे 10 मीटर तक लंबी आनंद नौकाओं की सुरक्षा, प्रदर्शन और विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित किए गए हैं, जिनमें पैरासेलिंग प्रचालन के लिए नियोजित जलयान शामिल हैं, परंतु ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे।

2. **निर्माण**

ऐसे जलयानों के लिए सामग्री, संरचनात्मक अपेक्षाओं और निर्माण तकनीकों के मानक इस प्रकार होंगे: -

i. पतवार डिज़ाइन: पतवार डिज़ाइन स्थिरता, उछाल और सुचारू प्रचालन प्रदान करेगा। पतवार का आकार कैटामारन, मोनोहल या मल्टीहल विन्यास हो सकता है, जैसा लागू हो और लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या संशोधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करेगा।

ii. सुदृढ़ीकरण: तनाव बिंदु, जैसे ट्रांसम और पतवार-डेक जोड़, उच्च गति वाले युद्धाभ्यास के दौरान डाले गए भार को सहन करने के लिए सुदृढ़ किए जाएँगे। लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या संशोधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन किया जाएगा।

iii. संरचना

संरचनात्मक डिज़ाइन लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या संशोधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करेगा।

क. लोडिंग की स्थिति: लोडिंग की स्थिति का विश्लेषण, एफई विश्लेषण या समकक्ष कम्प्यूटेशनल विधियों का उपयोग करके लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या संशोधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों के संबंध में किया जाएगा।

ख. सामग्री चयन: सामग्री चयन और स्कैन्टलिंग गणना, सभी लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या संशोधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों का अनुपालन करेगी।

iv. सामग्री:

क. सामग्री गुणवत्ता अपेक्षाएं: सभी घटकों का निर्माण उच्च-गुणवत्ता वाली, समुद्री-ग्रेड सामग्री से किया जाएगा जो क्षय, यूवी विकिरण और यांत्रिक घिसाव को सहन कर सके।

ख. निर्माण के लिए सामग्री का प्रकार: इनमें स्टील, एल्युमीनियम, फाइबरग्लास, समुद्री प्लाईवुड, कार्बन फाइबर, पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी), पॉलीयूरेथेन, हाइपलॉन और पॉलीइथाइलीन (एलडीपीई और एचडीपीई) शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे।

ग. अनुपालन मानक: उपयोग की जाने वाली सभी सामग्रियाँ, लागू भारतीय मानकों, वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं, या संशोधित प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगी।

3. स्थिरता और उत्प्लावन

i. जल क्रीड़ा और संबंधित गतिविधियों के लिए उपयोग किए जाने वाले आनंद यानों की स्थिरता और उत्प्लावन संबंधी अपेक्षाएं निम्नलिखित के अनुरूप होंगी:

क. भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट मानक, या

ख. वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाएं, या

ग. प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानक।

ii. आनंद यानों की अधिकतम वहन क्षमता निम्नलिखित के अनुसार निर्धारित की जाएगी:

क. निर्दिष्ट सुरक्षा लोड लाइन, या

ख. अधिनियम के उपबंधों के अनुसार अपने अभिप्रेत प्रचालन के दौरान जलयान के तैरते रहने को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अन्य मानदंड और शर्तें; और

ग. अधिनियम के तहत अन्यत्र उपबंधित शर्तों के अतिरिक्त, ऐसे जलयानों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अन्य शर्तें,

जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अंतर्देशीय जलयान अधिनियम, 2021 की धारा 42 की उप-धारा (2) के अनुसार निर्धारित किया जाएं।

4. सुरक्षा उपकरण

i. सभी आनंद यान राज्य सरकार द्वारा निर्धारित उनके वर्गीकरण के अनुसार सुरक्षा गियर और उपकरणों से सुसज्जित होंगे।

ii. उप-धारा (1) पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे सभी जलयानों पर निम्नलिखित न्यूनतम सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएँगे:

ग. व्यक्तिगत प्लवन उपकरण (पीएफडीएस):

जलयान पर प्रत्येक व्यक्ति के लिए स्वीकृत प्रकार III या प्रकार V पीएफडीएस।

घ. प्राथमिक चिकित्सा किट:

एक पूरी तरह से सुसज्जित प्राथमिक चिकित्सा किट, जो सुलभ और जलरोधक हो।

ङ. संकेत – सूचक उपकरण:

एक सीटी, ध्वनि उत्पन्न करने वाला उपकरण (हॉर्न), और अनुमोदित दृश्य संकट संकेत (जैसे, फ्लेयर्स)।

च. नौचालन रोशनी:

जैसा कि अंतर्देशीय जलयान (सुरक्षित नौचालन, संचार और सिग्नल) नियम, 2022 के अंतर्गत निर्दिष्ट है।

(ङ) अग्निशामक यंत्र:

जलयान की श्रेणी और ईंधन के प्रकार के आधार पर निम्नलिखित डीसीपी-प्रकार के अग्निशामक यंत्र:

क्रम सं.	जलयान का प्रकार	लंबाई	इंजन की शक्ति	न्यूनतम सुरक्षा उपकरण
1	भ्रमण नौका (टिलर/रिमोट ओबीएम)	< 3.5 मी.	ओबीएम < 30 एचपी	- बचाव ट्यूब (1) - 2 किलो डीसीपी अग्निशामक यंत्र (1)
2	भ्रमण नौका (टिलर/रिमोट ओबीएम/इनबोर्ड)	< 6 मी.	टिलर ओबीएम < 40 एचपी रिमोट ओबीएम/इनबोर्ड < 75 एचपी	- रेस्क्यू ट्यूब (1) - लाइफबोई (1) - 4 किलो डीसीपी अग्निशामक यंत्र (1)

3	भ्रमण नौका (रिमोट ओबीएम/इनबोर्ड)	6 – 10 मी.	टिलर ओबीएम < 40 एचपी रिमोट ओबीएम/इनबोर्ड < 90 एचपी	- रेस्क्यू ट्यूब (2) - लाइफबोई (1) - 4 किलो डीसीपी अग्निशामक यंत्र (1)
4	स्पीड बोट (रिमोट ओबीएम/इनबोर्ड)	< 6 मी.	> 50 एचपी	- रेस्क्यू ट्यूब (1) - लाइफबोई (1) - 4 किलो डीसीपी अग्निशामक यंत्र (1)
5	स्पीड बोट (रिमोट ओबीएम/इनबोर्ड)	6 – 10 मी.	> 50 एचपी	- रेस्क्यू ट्यूब (2) - लाइफबोई (1) - 4 किलो डीसीपी अग्निशामक यंत्र (1)
6	व्यक्तिगत जलयान (जेट स्की)	< 3.5 मी.	90–310 एचपी इनबोर्ड जेट इंजन	- थ्रो बैग (1) - 2-4 किग्रा डीसीपी अग्निशामक यंत्र (1)
7	पैरासेलिंग नौका	10 m	इनबोर्ड > 250 एचपी	- रेस्क्यू ट्यूब (1) - लाइफबोई (1) - 4 किलो डीसीपी अग्निशामक यंत्र (1)

5. इंजन और ईंधन प्रणालियाँ

i. जल क्रीड़ा और संबंधित गतिविधियों के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी आनंद यानों के इंजन और ईंधन प्रणाली उपकरण निम्नलिखित का अनुपालन करेंगे:

क. भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट मानक, या

ख. वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाएं, या

ग. प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानक।

ii. जल क्रीड़ा और इसी तरह की गतिविधियों के लिए अभिप्रेत सभी आनंद यानों में ऐसे इंजन और ईंधन प्रणालियाँ लगी होंगी जो राज्य सरकार द्वारा यथानिर्धारित लागू सुरक्षा, पर्यावरण और निर्माण मानकों को पूरा करती हों।

iii. इंजन:

क. केवल समुद्री-ग्रेड इंजन ही लगाए जाएँगे, जो विशेष रूप से जल क्रीड़ा और उच्च-प्रदर्शन अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन किए गए हों।

ख. सभी इंजन यथासंशोधित अंतर्देशीय पोत (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) नियम, 2022 की धारा 9 और धारा 10 का पालन करेंगे, विशेष रूप से निम्नलिखित के संदर्भ में:

1. उत्सर्जन मानदंड, और

2. ध्वनि स्तर।

ग. ईंधन प्रणालियाँ:

1. ईंधन प्रणालियाँ ईंजन पूर्णत: निर्माता के विनिर्देशों और सिफारिशों के अनुसार अनिवार्यत: से स्थापित की जाएँगी।

2. निर्माता निम्नलिखित सुनिश्चित करेंगे:

क. सुरक्षित और रिसाव-रोधी फिटिंग का उपयोग,

ख. ईंधन डिब्बों में पर्याप्त वायु- संचार व्यवस्था, और

ग. अग्निरोधी सामग्री और घटकों का उपयोग।

घ. नियंत्रण:

1. स्टीयरिंग, थ्रॉटल और आपातकालीन नियंत्रण सहज रूप से स्थित, स्पष्ट रूप से चिह्नित और न्यूनतम शारीरिक प्रयास से आसानी से संचालित होने योग्य होने चाहिए।

2. नियंत्रण प्रणालियाँ ऑपरेटर की थकान को कम करने और प्रतिक्रियात्मकता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की जाएँगी, विशेष रूप से उच्च गति या गतिशील प्रचालन स्थितियों में।

ङ. उपरोक्त ईंधन प्रणाली स्थापना मानकों के अनुपालन की पुष्टि करते हुए बिल्डर प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

च. राज्य सरकार का निर्दिष्ट प्राधिकारी या उपयुक्त प्राधिकारी इंजन और ईंधन प्रणालियों की स्थापना और रखरखाव के सुरक्षा पहलुओं पर आगे के दिशानिर्देश जारी कर सकता है, जिसमें आवधिक निरीक्षण, उत्सर्जन निगरानी और प्रमाणन के प्रावधान शामिल होंगे।

6. विद्युत प्रणालियाँ

i. सभी विद्युत संस्थापन और उपकरण, जिनमें वायरिंग, बैटरी प्रणालियाँ, स्विच और संबंधित उपकरण शामिल हैं, परंतु ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों और विनिर्देशों के अनुरूप होंगे, या जहाँ लागू हो, समय-समय पर यथा संशोधित किसी मान्यता प्राप्त वर्गीकरण सोसायटी या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मानकों की अपेक्षाओं के अनुरूप होंगे।

ii. उप-नियम (i) की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, निम्नलिखित अपेक्षाएं लागू होंगी:

क. वायरिंग: सभी विद्युत वायरिंग में समुद्री-ग्रेड, टिनयुक्त तांबे के कंडक्टर या समतुल्य मानक की अन्य वायरिंग शामिल होंगी, जो विधिवत रूप से इन्सुलेटेड हो और समुद्री उपयोग के लिए उपयुक्त हो। ऐसी वायरिंग को सुरक्षित रूप से बांधा जाएगा, इसे इस तरह ले जाया जाएगा जिससे भौतिक क्षति न हों और नमी और क्षयकारी तत्वों के प्रभाव से पर्याप्त रूप से सुरक्षित किया जाएगा।

ख. बैटरी प्रणालियाँ: बैटरी प्रणालियों को पर्याप्त रूप से हवादार और सुरक्षित जगहों में स्थापित किया जाएगा। सभी बैटरियों में उचित रूप से इन्सुलेटेड टर्मिनल लगे होंगे और उपयुक्त फ्यूजिंग और ओवरकरंट सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाएँगे। स्थापना को रिसाव, शॉर्ट-सर्किटिंग को रोकने और कंपन व क्षय होने से सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया जाना चाहिए।

ग. विद्युत उपकरण: स्विच, कनेक्टर और फिक्स्चर सहित सभी विद्युत उपकरण जलरोधी या जल-प्रतिरोधी प्रकार के होने चाहिए, जो समुद्री वातावरण में उपयोग के लिए उपयुक्त हों, और उप-नियम (i) में निर्दिष्ट मानकों का पालन करें। ऐसे सभी उपकरणों की स्थापना और रखरखाव इस प्रकार किया जाएगा जिससे प्रचालन सुरक्षा सुनिश्चित हो और विद्युत खतरे का जोखिम कम हो।

7. नौवहन और संचार

i. सभी आनंद यान और जल क्रीड़ा जलयान, सुरक्षित प्रचालन, स्थितिजन्य जागरूकता और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नौचालन और संचार प्रणालियों से सुसज्जित होंगे।

ii. ऐसे जलयानों पर निम्नलिखित न्यूनतम उपकरण उपलब्ध कराए जाएँगे:

क. ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस):

विशेष रूप से प्रतिबंधित या व्यस्त जलमार्गों में, वास्तविक समय और सटीक स्थिति ट्रैकिंग और मार्ग नौचालन को सक्षम करने के लिए एक कार्यात्मक जीपीएस इकाई स्थापित की जाएगी।

ख. संचार उपकरण:

प्रत्येक जलयान में कम से कम एक चालू स्मार्टफोन या वाटरप्रूफ मोबाइल संचार उपकरण होना चाहिए, जो निम्न में सक्षम हो:

i. अन्य जलयानों से संपर्क करने में,

ii. तट-आधारित आपातकालीन सेवाओं के साथ संचार करने में, और

iii. जहाँ उपलब्ध हो, मौसम और नौचालन संबंधी अलर्ट प्राप्त करने में।

ग. चुंबकीय कंपास: इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने की स्थिति में बैकअप नौचालन सहायता के रूप में एक समुद्री-ग्रेड कंपास स्थापित किया जाएगा।

iii. राज्य सरकार या उसके निर्दिष्ट प्राधिकारी अंतर्देशीय जलयान (राष्ट्रीय नदी यातायात और नौचालन प्रणाली), नियम 2025 में यथानिर्दिष्ट ऐसे जलयानों के लिए प्रचालन क्षेत्र जोखिम आकलन के आधार पर अतिरिक्त अपेक्षाओं को अधिसूचित कर सकते हैं।

8. कार्य दक्षता व्यवस्था (एर्गोनॉमिक्स) और आराम

i. जल क्रीड़ा गतिविधियों में लगे सभी आनंद यान और जल क्रीड़ा पोत, यात्रियों और चालक दल, दोनों के लिए सुरक्षा, आराम और कुशल प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए काम करने के अनुकूल परिवेश की दृष्टि से डिज़ाइन किए जाएँगे। इस डिज़ाइन में निम्नलिखित का अनुपालन किया जाएगा:

क. भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट मानक, या

ख. वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाएं, या

ग. प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानक,

ii. डिज़ाइन विशेषताओं में निम्नलिखित न्यूनतम एर्गोनॉमिक्स अपेक्षाएं शामिल होंगी, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी:

क. सभी यात्री और प्रचालक के बैठने की व्यवस्था सुरक्षित, आरामदायक होगी और ये उपयुक्त सीट बेल्ट या सुरक्षा बेल्ट से सुसज्जित होंगी।

ख. बैठने की व्यवस्था पर्याप्त सहारे के साथ इस प्रकार की जाएगी कि जलयान के तीव्र, गति से चलने, मुड़ने या लहरों के प्रभाव के दौरान चोट का जोखिम कम से कम हो।

9. पैरासेलिंग नौकाओं, स्कूबा डाइविंग नौकाओं और बचाव नौकाओं के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएं

क. पैरासेलिंग नौकाओं को मोड़ने का यंत्र (विंच) यथा संशोधित लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार डिज़ाइन किया जाएगा। इस संबंध में पूरी की जाने वाली न्यूनतम अपेक्षाएं हैं: -

i. रस्सी लाइनर सहित विंच ड्रम स्टेनलेस स्टील 316 या एनोडाइज्ड एल्यूमीनियम से निर्मित होगा।

ii. हाइड्रोलिक मोटर का कार्य दाब न्यूनतम 190 बार तक होगा।

iii. पैरासेल रस्सी के लिए 1.3 से 1.5 टन की जांच शुरू भार क्षमता वाले स्टेनलेस स्टील 316 मस्तूल का उपयोग किया जाएगा।

iv. पैरासेल टोलाइन, पॉलियामाइड/नायलॉन ब्रेडेड होंगी जिनकी न्यूनतम निर्धारित खिचांव शक्ति 4-5 टन के बीच होगी।

v. पैरासेल टोलाइन टोलाइन, विंच और पैरासेल उपकरण निर्माताओं द्वारा अनुशंसित अधिकतम लंबाई से अधिक नहीं होगी (अधिकतम लंबाई को सीमित करने के लिए इन तीनों द्वारा अनुशंसित सबसे छोटी लंबाई वाली टोलाइन पर विचार किया जाएगा)।

ख. स्कूबा डाइविंग बोट को यथा संशोधित लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया जाएगा। इस संबंध में पूरी की जाने वाली न्यूनतम अपेक्षाएं हैं: -

i. कम से कम 10 बीसीडी सेट रखने का प्रावधान

ii. गोताखोर के पानी में प्रवेश और निकास के लिए स्विम प्लेटफॉर्म का प्रावधान

iii. गोताखोर को पानी से वापस लाने के लिए 75° झुकाव वाली स्टेनलेस स्टील की सीढ़ी।

ग. रेस्क्यू बोट को यथा संशोधित लागू भारतीय मानकों या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या अंतर्राष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया जाएगा। जल क्रीड़ा गतिविधि के दौरान सुरक्षा के लिए उपयोग की जाने वाली रेस्क्यू बोट न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा करेगी: -

i. अधिकतम 5 लोगों के बैठने की क्षमता या न्यूनतम 6 मीटर।

ii. डेक पर स्पाइन बोर्ड रखने के लिए पर्याप्त जगह।

iii. पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर और प्राथमिक चिकित्सा किट रखने का प्रावधान।

घ. राज्य सरकार या अधिकृत प्राधिकारी इन जलयानों के लिए प्रचालन क्षेत्र जोखिम आकलन के आधार पर अतिरिक्त सुरक्षा अपेक्षाओं को अधिसूचित कर सकते हैं।

अध्याय 2- नहर क्रूज़ नौकाओं (30 मीटर से कम लंबाई वाली) के लिए मानदंड और मानक

1. दायरा और प्रयोज्यता

इन मानकों में अंतर्देशीय जलमार्गों में चलने वाली नहर क्रूज़ नौकाओं के लिए सुरक्षा, प्रदर्शन और नियामक अनुपालन अपेक्षाओं को स्थापित की गई हैं। ये उन नहर क्रूज़ नौकाओं पर लागू होंगे जो:

1. कुल मिलाकर 30 मीटर से कम लंबाई की होनी चाहिए;

2. मनोरंजन उपयोग के लिए होनी चाहिए; और

3. इनबोर्ड मोटर्स, आउटबोर्ड मोटर्स, या बैटरी प्रणोदन प्रणालियों द्वारा प्रचालित होंगी।

4. 50 से अधिक यात्रियों को नहीं ले जा सकेंगी।

2. सामान्य अपेक्षाएं

3.

4.

1. नहर क्रूज़ नौकाओं की आकृति और आकार, प्रदान की गई सुख- सुविधाओं के आधार पर भिन्न हो सकता है, जैसे कि बेडरूम के अंदर बाथरूम; बैठक क्षेत्र, रसोई और खुले डेक।

2. नहर क्रूज़ नौकाओं को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है: वे जो धीरे-धीरे चलती हैं और वे जो स्थिर है/ किनारे पर खड़ी होती हैं, जहाँ बिजली और पानी की आपूर्ति निश्चित होती है।

3. नौका का इंजन या मोटर किसी भी ईंधन जैसे डीज़ल, पेट्रोल, दोहरे ईंधन, बैटरी या जैव ईंधन पर चलेगा। ईंधन भंडारण किसी प्रतिबंधित क्षेत्र में, खतरों से मुक्त होना चाहिए। प्रकाश व्यवस्था सौर पैनलों या बैटरियों द्वारा संचालित होनी चाहिए।

4. प्रणोदन और बिजली उत्पादन के लिए केरोसिन से चलने वाले इंजनों का उपयोग निषिद्ध है।

5. नहर क्रूज़ नौकाओं के लिए निर्दिष्ट कमरे का आकार इस प्रकार होना चाहिए:

5. बेडरूम: 80 वर्ग फुट

6. लिविंग/डाइनिंग एरिया: 75 वर्ग फुट

7. अटैच्ड बाथरूम: 25 वर्ग फुट

8. किचन: 75 वर्ग फुट

6. बेडरूम में बिजली से चलने वाले छत या दीवार पर लगे पंखे और मच्छरदानी या जालियाँ हो सकती हैं।

7. बाथरूम का ऐसा फर्श होना चाहिए जिससे पानी से फिसलन न हो।

8. उच्च गुणवत्ता वाले लिनन, कटलरी, क्रॉकरी, कांच के बर्तन और प्रसाधन सामग्री उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

9. पीने के लिए बोतलबंद पानी या शुद्ध पानी के डिस्पेंसर उपलब्ध होने चाहिए।

9. **डिज़ाइन और निर्माण मानक**

10.

11. सामग्री:

क. सामग्री गुणवत्ता अपेक्षाएं: सभी घटकों का निर्माण उच्च-गुणवत्ता वाली, समुद्री-ग्रेड सामग्री से किया जाएगा जिन पर क्षय होने, यूवी विकिरण और यांत्रिक घिसाव का प्रभाव न हों।

ख. निर्माण के लिए सामग्री के प्रकार: इनमें स्टील, एल्युमीनियम, फाइबरग्लास, समुद्री प्लाईवुड, कार्बन फाइबर, पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी), पॉलीयूरेथेन, हाइपलॉन और पॉलीइथाइलीन (एलडीपीई और एचडीपीई) शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी।

ग. अनुपालन मानक: उपयोग की जाने वाली सभी सामग्रियाँ यथा संशोधित, लागू भारतीय मानकों, वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं, या प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों, के अनुरूप होंगी।

घ. पतवार डिज़ाइन: पतवार डिज़ाइन स्थिरता, उछाल और सुचारू संचालन प्रदान करेगा। पतवार डिज़ाइन यथा संशोधित भारतीय मानक ब्यूरो या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या अंतर्राष्ट्रीय मानकों द्वारा निर्दिष्ट मानकों का अनुपालन करेगा।

ङ. सुदृढ़ीकरण: ट्रांसम और हल-डेक ज्वाइंट जैसे तनाव बिंदुओं को उच्च गति वाले युद्धाभ्यास के दौरान रखे गए भार को सहन करने की क्षमता की दृष्टि से सुदृढ़ किया जाएगा। यथा संशोधित भारतीय मानक ब्यूरो या वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाओं या संशोधित अंतर्राष्ट्रीय मानकों द्वारा निर्दिष्ट लागू मानकों का पालन किया जाएगा।

2. स्थिरता और उछाल

नहर क्रूज़ नौकाओं को अंतर्देशीय जलयान (डिज़ाइन और निर्माण) नियम, 2024 की धारा IV का अनुपालन करना होगा, जहाँ तक इन विशेष श्रेणी के जलयानों के लिए व्यावहारिक हो। निर्दिष्ट प्राधिकारी उपर्युक्त नियमों के उपरोक्त अध्याय में किसी एक या सभी अपेक्षाओं को छूट दे सकता है और ऐसी अपेक्षाओं के लिए वैकल्पिक मानकों पर विचार कर सकता है, जैसा कि निम्नलिखित द्वारा निर्दिष्ट किया जाए -

क.

क. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस); या

ख. वर्गीकरण सोसायटी; या

ग. अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन

3. न्यूनतम सुरक्षा उपकरण

क. सभी नहर क्रूज़ नौकाओं को उनकी श्रेणी के अनुरूप सुरक्षा गियर और उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा, जैसा संबंधित राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाए।

ख. उप-खंड (क) पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे सभी जलयानों पर निम्नलिखित न्यूनतम सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे:

i. अग्निशमन उपकरण (एफएफए):

अग्निशमन उपकरण, अंतर्देशीय जलयान (अग्निशमन उपकरण) नियम, 2022 और उसके किसी भी संशोधन के प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध कराए जाएंगे।

ii. जीवन रक्षक उपकरण (एलएसए):

जीवन रक्षक उपकरण, समय-समय पर यथा संशोधित अंतर्देशीय जलयान (जीवन रक्षक उपकरण) नियम, 2022 के तहत निर्दिष्ट मानकों का पालन करेंगे।

iii. प्राथमिक चिकित्सा और संकटकालीन उपकरण:

जलयान पर पूरी तरह से सुसज्जित प्राथमिक चिकित्सा किट और उपयुक्त संकट संकेत उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

iv. आपातकालीन अलार्म प्रणालियाँ:

आपात स्थिति में चालक दल और यात्रियों को सचेत करने के लिए आपातकालीन अलार्म बटन या प्रणालियाँ स्थापित की जाएँगी, ताकि ज़रूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई और निकासी सुनिश्चित हो सके।

v. नौचालन लाइटें:

नौवहन लाइटें, अंतर्देशीय जलयान (सुरक्षित नौवहन, संचार और सिग्नल) नियम, 2022 और उसके बाद के संशोधनों के अनुसार स्थापित और अनुरक्षित की जाएँगी।

4. इंजन और ईंधन प्रणालियाँ

i. मनोरंजन और इसी तरह की गतिविधियों के लिए बनाई गई सभी नहर क्रूज़ नौकाओं में ऐसे इंजन और ईंधन प्रणालियाँ लगाई जाएँगी जो इन नियमों में निर्धारित सुरक्षा, पर्यावरण और निर्माण मानकों को पूरा करती हों।

ii. इंजन:

क. केवल समुद्री-ग्रेड इंजन, जो विशेष रूप से जल क्रीड़ा और उच्च-प्रदर्शन प्रयोगों के लिए डिज़ाइन किए गए हों, लगाए जाएँगे।

ख. सभी इंजन यथा संशोधित अंतर्देशीय जलयान (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) नियम, 2022 की धारा 9 और धारा 10 का पालन करेंगे, विशेष रूप से निम्नलिखित के संदर्भ में:

1. उत्सर्जन मानदंड, और

2. ध्वनि स्तर।

ग. ईंधन प्रणालियाँ:

1. ईंधन प्रणालियाँ, पूर्णत: इंजन निर्माता के विनिर्देशों और सिफारिशों के अनुसार स्थापित की जाएँगी।

2. निर्माता यह सुनिश्चित करेंगे:

क. सुरक्षित और रिसाव-रोधी फिटिंग का उपयोग,

ख. ईंधन डिब्बों का पर्याप्त वायुदार, और

ग. अग्निरोधी सामग्री और घटकों का उपयोग।

घ. नियंत्रण:

i. स्टीयरिंग, थ्रॉटल और आपातकालीन नियंत्रण सहज रूप से स्थित होने चाहिए, स्पष्ट रूप से चिह्नित होने चाहिए और न्यूनतम मानव प्रयास से आसानी से संचालित किए जाने वाले होने चाहिए।

ii. नियंत्रण प्रणालियों को ऑपरेटर की थकान को कम करने और प्रतिक्रियाशीलता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा, विशेष रूप से उच्च गति या गतिशील प्रचालन स्थितियों में।

ङ. बिल्डर प्रमाणपत्र उपरोक्त ईंधन प्रणाली संस्थापन मानकों के अनुपालन की पुष्टि करते हुए जारी किया जाएगा।

च. राज्य सरकार का निर्दिष्ट प्राधिकारी इंजन और ईंधन प्रणालियों की स्थापना और रखरखाव के सुरक्षा पहलुओं पर आगे के दिशानिर्देश जारी कर सकता है, जिसमें आवधिक निरीक्षण, उत्सर्जन निगरानी और प्रमाणन के प्रावधान शामिल हैं।

5. विद्युत प्रणालियाँ

i. सभी विद्युत संस्थापन और उपकरण, जिनमें वायरिंग, बैटरी प्रणालियाँ, स्विच और संबंधित उपकरण शामिल हैं, परंतु ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे, भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों और विनिर्देशों के अनुरूप होंगे, या जहाँ लागू हो, किसी मान्यता प्राप्त वर्गीकरण सोसायटी या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मानकों की अपेक्षाओं के अनुरूप होंगे।

ii. उप-नियम (i) की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, निम्नलिखित अपेक्षाएं लागू होंगी:

क. वायरिंग: सभी विद्युत वायरिंग में समुद्री-ग्रेड, टिनयुक्त तांबे के कंडक्टर या समतुल्य मानक के अन्य वायरिंग शामिल होंगे, जो विधिवत रूप से इंसुलेटेड और समुद्री उपयोग के लिए उपयुक्त होंगे। ऐसी वायरिंग को सुरक्षित रूप से बांधा जाएगा, इन्हे इस प्रकार ले जाया जाएगा कि भौतिक क्षति न हो, और नमी और क्षयकारी तत्वों के संपर्क से पर्याप्त रूप से सुरक्षित किया जाएगा।

ख. बैटरी प्रणालियाँ: बैटरी प्रणालियों को पर्याप्त रूप से हवादार और सुरक्षित घेरों में स्थापित किया जाएगा। सभी बैटरियों में उचित रूप से इंसुलेटेड टर्मिनल लगे होंगे और उपयुक्त फ्यूजिंग और ओवरकरंट सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाएँगे। स्थापना को रिसाव, शॉर्ट-सर्किटिंग को रोकने और कंपन और क्षयकारी प्रभाव से बचाने को सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा।

ग. विद्युत उपकरण: स्विच, कनेक्टर और फिक्स्चर सहित सभी विद्युत उपकरण जलरोधी या जल-प्रतिरोधी प्रकार के होने चाहिए, जो समुद्री वातावरण में उपयोग के लिए उपयुक्त हों और उप-नियम (i) में निर्दिष्ट मानकों का पालन करें। ऐसे सभी उपकरणों की स्थापना और रखरखाव इस प्रकार किया जाएगा जिससे प्रचालन सुरक्षा सुनिश्चित हो और विद्युतीय खतरे का जोखिम कम हो।

6. नौचालन और संचार

i. सभी नहर क्रूज़ नौकाएँ, राज्य सरकार द्वारा यथा निर्धारित, सुरक्षित प्रचालन, स्थितिजन्य जागरूकता और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक नौचालन और संचार प्रणालियों से सुसज्जित होंगी।

ii. ऐसे जलयानों पर निम्नलिखित न्यूनतम उपकरण उपलब्ध कराए जाएँगे:

क. ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस):

विशेष रूप से प्रतिबंधित या व्यस्त जलमार्गों में, वास्तविक समय और सटीक स्थिति ट्रैकिंग और मार्ग नौचालन को सक्षम करने के लिए एक कार्यात्मक जीपीएस इकाई स्थापित की जाएगी।

ख. संचार उपकरण:

प्रत्येक जलयान में कम से कम एक चालू स्मार्टफोन या वाटरप्रूफ मोबाइल संचार उपकरण होना चाहिए, जो निम्न में सक्षम हो:

i. अन्य जलयानों से संपर्क करने में,

ii. तट-आधारित आपातकालीन सेवाओं के साथ संचार करने में, और

iii. जहाँ उपलब्ध हो, मौसम और नौवहन संबंधी अलर्ट प्राप्त करने में।

ग. चुंबकीय कंपास: इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने की स्थिति में बैकअप नौचालन सहायता के रूप में एक समुद्री-ग्रेड कंपास स्थापित किया जाएगा।

घ. राज्य सरकार या उसके निर्दिष्ट प्राधिकरण अंतर्देशीय जलयान (राष्ट्रीय नदी यातायात और नौवहन प्रणाली), नियम 2025 में निर्दिष्ट ऐसे जलयानों के लिए प्रचालन क्षेत्र जोखिम मूल्यांकन के आधार पर अतिरिक्त सुरक्षा अपेक्षाओं को अधिसूचित कर सकते हैं।

7. कार्य दक्षता व्यवस्था (एर्गोनॉमिक्स) और आराम

i. जल क्रीड़ा गतिविधियों में लगे सभी नहर क्रूज़ नौकाएं, यात्रियों और चालक दल, दोनों के लिए सुरक्षा, आराम और कुशल प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए काम करने के अनुकूल परिवेश की दृष्टि से डिज़ाइन किए जाएँगे। इस डिज़ाइन में निम्नलिखित का अनुपालन किया जाएगा:

क. भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट मानक, या

ख. वर्गीकरण सोसायटी की अपेक्षाएं, या

ग. प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानक,

जैसा राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट या निर्धारित किया जा सकता है, तथा समय- समय पर यथासंशोधित

ii. डिज़ाइन विशेषताओं में निम्नलिखित न्यूनतम एर्गोनॉमिक्स अपेक्षाएं शामिल होंगी, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं होंगी:

क. सभी यात्री और प्रचालक के बैठने की व्यवस्था सुरक्षित, आरामदायक होगी और ये उपयुक्त सीट बेल्ट या सुरक्षा बेल्ट से सुसज्जित होंगी।

ख. बैठने की व्यवस्था पर्याप्त सहारे के साथ इस प्रकार की जाएगी कि जलयान के तीव्र, गति से चलने, मुड़ने या लहरों के प्रभाव के दौरान चोट का जोखिम कम से कम हो।

8. पर्यावरण संबंधी अपेक्षाएं

सभी नहर क्रूज़ नौकाओं को अंतर्देशीय जलमार्गों पर पर्यावरण-अनुकूल प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित पर्यावरण संरक्षण अपेक्षाओं का पालन करना होगा:

i. सतत् निर्माण

नहर क्रूज़ नौकाओं को टिकाऊ सामग्रियों का उपयोग करना होगा और पारिस्थितिक प्रभाव को कम करने के लिए पर्यावरण-अनुकूल निर्माण प्रक्रियाओं को अपनाना होगा।

ii. ठोस अपशिष्ट को अलग करना

जलयानों में ठोस अपशिष्ट को निम्नलिखित श्रेणियों में अलग करने की सुविधाएँ उपलब्ध होंगी:

क. जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट (जैसे, रसोई अपशिष्ट);

ख. गैर-जैवनिम्नीकरणीय अपशिष्ट (जैसे, थर्मोकोल उत्पाद, एल्युमीनियम फ़ॉइल, आदि); और

ग. पुनर्चक्रण योग्य अपशिष्ट (जैसे, समाचार पत्र, बोतलें, डिब्बे, आदि)।

घ. निर्दिष्ट प्राधिकारी के साथ- साथ राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अन्य प्राधिकारी, इन प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे।

iii. अपशिष्ट जल प्रबंधन

क. सभी जलयानों में एकीकृत अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणालियाँ होंगी, जिनमें सीवेज और अपशिष्ट जल के लिए होल्डिंग टैंक शामिल हैं।

ख. मौजूदा नौकाओं को सीवेज और अपशिष्ट जल के संग्रहण और निपटान के लिए वैकल्पिक व्यवस्था लागू करनी होगी।

ग. अपशिष्ट जल का निपटान अंतर्देशीय जलयान (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) नियम, 2022 और उसके बाद के संशोधनों के अनुसार किया जाएगा।

घ. अपशिष्ट जल संग्रहण टैंक

प्रत्येक नहर क्रूज़ नौका में निम्नलिखित का प्रबंधन करने के लिए पतवार से जुड़े समर्पित अपशिष्ट जल संग्रहण टैंक लगे होंगे:

i. जैव-शौचालयों से होने वाला स्राव;
ii. खाना पकाने और कपड़े धोने का पानी;
iii. जैव-शौचालयों से होने वाले स्राव को कठोर पाइपलाइनों के माध्यम से इन टैंकों से स्थायी रूप से जोड़ा जाएगा। लचीले होजों का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।
iv. नदियों, नहरों या झीलों में किसी भी अपशिष्ट जल का सीधा स्राव निषिद्ध है।
v. टैंक की क्षमता की गणना, प्रति डबल-बेड वाले कमरे के लिए 650 लीटर के मानक के आधार पर की जाएगी।

ङ. प्लास्टिक के विकल्प

जैव-निम्नीकरणीय विकल्पों जैसे कागज़ या कपड़े के थैलों के उपयोग को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। जलयान पर प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग प्रतिबंधित होगा।

च. स्वच्छता और जैव-शौचालय

i. सभी नहर क्रूज नौकाओं में पर्याप्त क्षमता वाले जैव-शौचालयों की व्यवस्था की जाएगी।

ii. उन्नत सीवेज सक्शन उपकरण का उपयोग करके गाद हटाने के लिए एक समर्पित तंत्र स्थापित किया जाएगा।

iii. जैव-शौचालय में आपातकालीन शट-ऑफ और सुरक्षित मैनुअल संचालन के लिए सुरक्षित हैंडल के साथ बॉल वाल्व शामिल होगा।
iv. मल का निस्तारण (स्लज डिस्पोज़ल) कम से कम प्रत्येक दो महीने में एक बार किया जाएगा, तथा जलयान स्वामी द्वारा निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण के लिए उचित रिकॉर्ड बनाए रखा जाएगा।

v. स्वच्छता को बढ़ाने के लिए, यूवी स्टरलाइजेशन, ओजोन ट्रीटमेंट या क्लोरीनीकरण का उपयोग करके कीटाणुशोधन प्रणालियां प्रदान की जानी चाहिए। कीटाणुशोधन प्रणालियों में क्लोरीन टैबलेट, पोटेशियम परमैंगनेट ($KMnO_4$) टैबलेट या पर्यावरण अनुकूल एंजाइम-आधारित कीटाणुनाशक का उपयोग किया जा सकता है।

छ. अपशिष्ट जल टैंकों की स्थापना के बाद, स्थायित्व परीक्षण किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जलयान की सुरक्षा से समझौता न हो।

9. बैटरी प्रणाली और बैटरी प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस)

i. यह खंड सभी इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड कैनाल क्रूज़ नौकाओं पर लागू होता है। इसमें सुरक्षा, विश्वसनीयता और पर्यावरण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैटरी प्रबंधन प्रणाली (बीएमएस) सहित बैटरी प्रणाली के डिजाइन, स्थापना, संचालन और रखरखाव को शामिल किया गया है।

ii. बैटरी प्रणाली और बीएमएस के सभी घटक भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्दिष्ट प्रासंगिक मानकों, या वर्गीकरण सोसायटी की आवश्यकताओं, या प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होंगे।

iii. परीक्षण, प्रमाणन और निरीक्षण

क. बैटरियों और बीएमएस का परीक्षण और प्रमाणन एनएबीएल-मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला या किसी मान्यता प्राप्त वर्गीकरण सोसायटी (उदाहराणार्थ, आईआरएस) द्वारा किया जाना चाहिए।

ख. आईएस 17017-21 (सामान्य आवश्यकताएँ और परीक्षण विधियाँ) का अनुपालन अनिवार्य है।

ग. सिस्टम को आईएस 9000 सीरीज या समकक्ष के अनुसार पर्यावरण परीक्षण पास करना होगा।

iv. अधिष्ठापन और रखरखाव

क. बैटरी कम्पार्टमेंट स्पष्ट रूप से चिह्नित, हवादार और केवल अधिकृत कर्मियों के लिए सुलभ होने चाहिए।

ख. उच्च क्षमता वाले बैटरी कमरों के लिए अग्नि शमन प्रणाली, अधिमानतः स्वच्छ एजेंट-आधारित, की सिफारिश की जाती है।

ग. पोत पर एक आवधिक रखरखाव सूची अनुरक्षित की जाएगी और उसे प्रमाणित कर्मियों द्वारा निष्पादित की जाएगी।

v. डेटा संग्रहण और लेखा परीक्षा

क. बीएमएस परिचालन और दोष संबंधी डेटा को न्यूनतम 180 दिनों तक संग्रहीत करेगा।

ख. सर्वेक्षण, ऑडिट या घटना के बाद की जांच के दौरान रिकॉर्ड उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

10. इस नियम की अधिसूचना की तारीख से दो वर्ष की अनुपालन अवधि मौजूदा जलयानों द्वारा रेट्रोफिटिंग और अनुपालन के लिए दी जाएगी।

